# 7. सूरदास के पद

## स्वाधयाय

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :

**1) जहाज का पंछी जहाज से उड़कर फिर कहा आता है ?**

- जहाज का पंछी जहाज से उड़कर फिर जहाज पर ही आता है।

**2) सूरदास के मधुकर को करील फल क्यो नहीं भाता ?**

- सूरदास के मधुकर को करील फल नही भाता, क्योकि उसने कृष्णभक्ति का अबुज-रस चख लिया है।

**3) बालकृष्ण के मुख पर किसका लेप किया हुआ है ?**

- बालकृष्ण के मुख पर मक्खन का लेप किया हुआ है।

**4) सूर धन्य क्यों हुए?**

- सूर धन्य हुए क्योंकि उन्हें श्रीकृष्ण की दुर्लभ छबि के दर्शन हो गए हैं।

### 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :

**1) सूरदासजी ने किन उदाहरणो द्वारा अपनी अनन्य भक्ति भावना प्रकट की है ?**

- सूरदासजी कहते है की मै श्रीकृष्णरूपी जहाज का पंछी हू। मै उन्हे छोड़कर और कही नही जा सकता। श्रीकृष्ण की महिमा भूलकर में और किसी देवता का ध्यान नही कर सकता। श्रीकृष्ण जैसी गंगा का जल मिलने के बाद मुझे कुए का जल पीने की चाह नही है। मेरा मन-मधुकर श्रीकृष्ण की भक्ति का अंबुज रस चखने के बाद अन्य किसी रस की इच्छा नही रखता। मेरे प्रभु तो कामधेनु के समान है। उनको छोड़कर में बकरी का दुध दुहने क्यो जाऊ ?
- इस प्रकार सूरदासजीने विभिन्न उदाहरणो द्वारा अपनी भक्तिभावना प्रकट की है।

**2) बालक श्रीकृष्ण के स्वरूप का वर्णन कीजिए।**

- बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति बड़ी मनोहर है। वे अपने हाथों में मक्खन लिए घुटनो के बल चल रहे है। उनके मूह मे मक्खन लगा हुआ है। उनके गाल सुंदर और आंखे चंचल है। उनके माथे पर गोरोचन का तिलक लगा हुआ है। उनकी लटे मदमस्त भौरों जैसी सुंदर लग रही है। वे अपने गले में कढुला की माला पहने हुए है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- इस प्रकार श्रीकृष्ण की छबि अत्यंत मनमोहक है।

### 3) सूरदास अपने आपको धन्य क्यों मानते हैं ?

- सूरदास श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त हैं। श्रीकृष्ण के अतिरिक्त वे अन्य किसी का ध्यान नहीं करते। श्रीकृष्ण की मनमोहक छबि सदा उनकी आँखों में बसी रहती है। यह छबि उन्हें अनुपम सुख प्रदान करती है। वे श्रीकृष्ण की इस छबि को दुर्लभ मानते हैं। उन्हें अपने प्रभु की इस अनोखी मूर्ति के दर्शन हुए हैं। इसलिए वे अपने आपको धन्य मानते हैं।

## 3. तत्सम रूप दीजिए :

1) अनत - अन्यत्र
2) पंछी - पक्षी
3) महातम - माहात्म्य
4) पियासौ - प्यासा
5) दुरमति - दुर्मति
6) लट - केशगुच्छ
7) मधुहि - मद्य
8) केहरि – केसरी

## 4. समनार्थी शब्द लिखिए :

1) पक्षी - खग
2) अंबुज - जलज
3) कूप - कुआँ
4) मधुकर - भ्रमर
5) धेनु - गाय
6) छेरी - बकरी
7) नवनीत - मक्खन
8) लोचन - नयन
9) कंठ - गला
10) नख - नाखून

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in